समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


# अमेरिकी हथियारों के बाद चीन के एयर डिफेसं सिस्टम को भी भारत ने किया तबाह, जाने किन-किन हथियारों को मात दे चुकी है इंडियन आर्मी।


Publisher


Published on 08 May 2025




**यह पहली बार नहीं है, जब इंडियन आर्मी ने दुनिया के ताकतवर देश के हथियारों को नेस्तनाबूद किया हो. चीन के एयर डिफेसं सिस्टम को तबाह करने के साथ-साथ भारत अमेरिका के भी कई हथियारों को धूल चटा चुका है.**

'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देने के बाद भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस और रडार सिस्टम को भी तबाह कर दिया है. भारत सरकार की ओर से कहा गया है कि पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों में स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी. इंडियन आर्मी ने इन हमलों को नाकाम करने के साथ ही पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम HQ9 को तबाह कर डाला है. यह पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका हो सकता है. दरअसल, पाकिस्तान ने करोड़ों डॉलर खर्च कर चीन से यह एयर डिफेंस सिस्टम खरीदा था.

यह पहली बार नहीं है, जब इंडियन आर्मी ने दुनिया के ताकतवर देश के हथियारों को इस तरह नेस्तनाबूद किया हो. चीन के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करने के साथ-साथ भारत अमेरिका के भी कई हथियारों को धूल चटा चुका है. ऐसे में आइए जानते हैं कि भारतीय सेना अब तक दुनिया भर के किन-किन देशों के हथियारों को तबाह कर चुकी है.

चीन का HQ-9 पाकिस्तान में तबाह
भारतीय सेना ने चीन के एयर डिफेंस सिस्टम HQ-9 को तबाह कर डाला है. रक्षा सूत्रों की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान की ओर से भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया. यह एयर डिफेंस सिस्टम पाकिस्तान ने लाखो डॉलर खर्च कर चीन से खरीदा था. पाकिस्तान और चीन दोनों

दावा करते थे कि HQ-9 रूस के S-300 जैसा मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम है जो हवा में ही मिसाइल को इंटरसेप्ट करके खत्म कर देता है. हालांकि, भारत ने अब पाकिस्तान के एयर डिफेंस को ही उड़ा दिया है.

पैटन टैंक

भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई लड़ाई में भारतीय सेना ने अमेरिका निर्मित पैटन टैंकों को भी उड़ा डाला था. बता दें, 1965 की जंग में पाकिस्तान की फर्स्ट आर्म्ड डिविजन ने करीब 200 टैंकों के साथ भारत पर हमला किया था. इस दौरान दुश्मन के टैंक भारत की सीमा में करीब 10-12 किलोमीटर तक अंदर आ गए थे. भारतीय सेना के जवान वीर अब्दुल हमीद ने इन टैंक को अपनी आरसीएल जीप से उड़ा दिया था, जिससे दुनिया भी हैरत में रह गई थी.

पीएनएस गाजी

1971 की जंग में पाकिस्तान के पास उस समय की सबसे एडवांस सबमरीन पीएनएस गाजी थी. इस सबमरीन को रोकने के लिए भारतीय नौसेना ने अपने सबसे पुराने आईएनएस राजपूत को समंदर में उतारा था. आईएनएस राजपूत ने समंदर के अंदर ही पाकिस्तान की सबमरीन पीएनएस गाजी को तबाह कर डाला था, इस हमले में पाकिस्तान के 93 सैन्य अफसर भी मारे गए थे.

एफ-16

भारतीय वायु सेना दुनिया की सबसे खतरनाक वायु सेनाओं में से एक है. IAF ने एक नहीं बल्कि दो-दो बार दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका निर्मित एफ-16 फाइटर जेट को मार गिरा चुकी है. अमेरिका का यह फाइटर जेट काफी एडवांस माना जाता है. अमेरिका ने पाकिस्तान को ये फाइटर जेट दिए थे. 1970 में भारतीय वायु सेना ने मिग-21 से एफ-16 को मार गिराया था. इसके बाद विंग कमांडर अभिनंदन ने भी तीसरी पीढ़ी के मिग-21 से चौथी पीढ़ी के एफ-16 को तबाह कर दिया था.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.